राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने जारी किए आदेश

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर के कुलपति प्रो. रमेश चन्द्रा पद से निलम्बित

जयपुर, 28 मार्च। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को आदेश जारी कर महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के कुलपति प्रो. रमेश चंद्रा को राज्य सरकार के परामर्श से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

राज्यपाल ने प्रो. चंद्रा के खिलाफ संभागीय आयुक्त, भरतपुर की जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें निलंबित किया है। संभागीय आयुक्त, भरतपुर द्वारा प्रथम दृष्टया उनके विरुद्ध आरोप प्रमाणित पाये गये।